we win

WWL/CS/2023/009

Date: 25th January, 2023

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Limited**<br>Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,<br>Bandra- Kurla Complex, Bandra (E)<br>Mumbai-400051<br>**NSE Symbol: WEWIN** | **BSE Limited**<br>Floor 25, P.J Towers, Dalal Street, Fort,<br>Mumbai- 400001<br>**BSE Scrip Code: 543535** |

**Sub:-Publication of Notice for Board Meeting.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47(3) of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please note that the notice of the Board Meeting where financial results shall be discussed was publish in the Newspaper on 24th and 25th January 2023. Copies of the same are enclosed for your information and records.

Thanking you,
Yours faithfully,

**For We Win Limited**

ASHISH SONI — Digitally signed by ASHISH SONI Date: 2023.01.25 11:43:35 +05'30'

WE WIN LIMITED ★ BHOPAL ★

**Ashish Soni**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl: As above

**We Win Limited**
www.wewinlimited.com
(CIN: L74999MP2007PLC019623)
206-207, 2nd Floor, Corportate Zone C-21 Mall,
Hoshangabad Road, Misrod,
Bhopal - 462047, Madhya Pradesh, India
Phone: +91 755 4278897,
Email: contact@wewinlimited.com

31 जनवरी तक जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज सुनाएंगे श्रीराम कथा

# भेल दशहरा मैदान पर कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभांरभ

सच प्रतिनिधि ।। भोपाल

राजा भोज की नगरी भोपाल का नाम जब तक भोजपाल नहीं हो जाता, तब तक भोपाल में अगली कथा करने नहीं आऊंगा। पहले इसका नाम भोजपाल था, राजा भोज जिसके पालक थे, वह भोजपाल है। हम फैजाबाद को अयोध्या कर सकते हैं, इलाहाबाद को प्रयागराज कर सकते हैं, होशंगाबाद को नर्मदापुरम कर सकते हैं, तो क्या भोपाल को भोजपाल नहीं कर सकते। मैं अपने अनुज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से कहूंगा कि इस चुनाव के पहले इसका नाम बदल दें। यह बात जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज ने राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रही श्रीराम कथा के पहले दिन कही। महाराज ने श्रीराम चंद्र कृपाल भजमन की सुमधुर भजन से श्रीराम कथा की शुरुआत करते हुए बताया कि अब तक 1360 कथा कर चुके हैं, यह 1361वीं कथा है। महाराज ने कहा कि मैं एक ही चौपाई पर नौं दिनों तक कथा कहूंगा। यह चौपाई उत्तरकांड के दशवें अध्याय की पांचवी पंक्ति में है। आगे की कथा में बताया कि जब श्रीराम रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त कर विभीषण को राज्य देकर सीता जी और पूरी वानर सेना को पुष्पक विमान से लेकर वापस अयोध्या आए तो वशिष्ठ जी ने सभी ब्राह्मणों को बुलाया और कहा कि सुंदर मुहूर्त आ गया है। देवताओं प्रसन्नता पूर्वक आज्ञा दीजिए की रामचंद्र बैठहिं सिंहासन।



### लव जिहाद के नाम पर हिंदू लड़कियों को फंसाया जा रहा

**महाराज ने कहा कि लव जेहाद के नाम पर हिंदू लड़कियों को फंसाया जा रहा है, क्योंकि हमारे युवाओं को सही दिशा और मार्गदर्शन नहीं मिल रहा है। युवाओं को रामचंद्र के पथ पर चलने की जरूरत है। महाराज ने कहा कि किसी को चेहरे से नहीं अपने चरित्र से प्रभावित करो। जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि मैं जो बात कहता हूं पूरे दम से जिम्मेदारी के साथ कहता हूं और वह पूरी होती है। मैने कहा था रामजन्मभूमि का फैसला हमारे पक्ष में आया। कश्मीर से धारा 370 हटी, तीन तलाक खत्म हो गया। पीओके दुनिया के नक्शे से सामाप्त होना चाहिए, यह हमारा है और उसे हम लेकर रहेंगे। महाराज ने कहा कि जिसको राष्ट्र की पूरी अखंडता चाहिए वह हमारी कथा में आए। त्रेतायुग में विश्वामित्र के बाद 1008 कुंडीय यज्ञ हमने किया। कथा के शुरुआत में जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज के स्वागत में गुफमंदिर के महंत रामप्रवेश दास महाराज ने गाय का महत्व बताते हुए गैया लगै मोहे प्यारी, जगपालन हारी भजन की प्रस्तुति देकर बताई।**

### कलश यात्रा निकाल कर की शुरुआत

श्रीराम कथा की शुरुआत में दोपहर दो बजे से बरखेड़ा स्थित श्रीकृष्ण मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में करीब पांच सौ महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं, तो वहीं हजारों की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे डीजे, ढोल की थाप पर नाचते गाते चल रहे थे। कलश यात्रा में बाइक रैली में युवाओं की टोली धर्म और अध्यात्म का प्रतीक भगवा ध्वज लेकर चली। दिवटिया के महाकाल भक्त मंडल द्वारा भव्य प्रस्तुति दी गई जो आकर्षण का केंद्र रही। बता दें कि जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज के मुखारविंदु से नौ दिवसीय श्रीराम कथा 31 जनवरी तक की जाएगी।

### विमानतल पर की अगवानी

भोपाल पहुंचने पर जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज का विमानतल पर गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेश दास महाराज, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, नारायण सिंह परमार सहित मेला समिति के सभी पदाधिकाारियों और गणमान्य नागरिकों ने फूल माला और रामनामी पहनाकर स्वागत सत्कार और अगवानी की। कलश यात्रा में मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, गिरीश शर्मा, श्रीकृष्ण मंदिर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव, मेला समिति उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, सुनील शाह, महेंद्र नामदेव, मो.जाहिद खान, दीपक बैरागी, देवेंद्र चौकसे, शैलेंद्र सिंह जाट, मो. रेहान खान, चंदन वर्मा, विनय सिंह, अखिलेश नागर, केश कुमार शाह, आफताब सिद्दकी, मधु भवनानी, दीपक शर्मा, गोपाल शर्मा, सुनील वैष्णव, वाहिद खान, गौरव जैन, सुभाष दरवई, गोपाल पाटीदार, सुमित रघुवंशी, तरुण गुप्ता, इंद्रजीत के साथ ही मेला टीम के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी महासंघ फिर आंदोलन की राह पर



सच प्रतिनिधि ।। भोपाल

स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ की बैठक भोपाल में संपन्न हुई बैठक में स्वास्थ्य,चिकित्सा शिक्षा ,आयुष विभाग की लंबित 41 सूत्रीय मांगो के विभाग शासन स्तर से निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंह कौरव ने कहा की स्वास्थ्य,चिकित्सा शिक्षा ,आयुष, तीनों विभागो के द्वारा महासंघ को पत्र लिखकर के माध्यम से बुलाकर पदाधिकारियों के साथ मिलकर ,बैठकर एक एक मांगो पर अलग अलग बैठक कर चर्चा की गई अब मांगो पर चर्चाओं का दौर समाप्त हुआ और अब निराकरण की बारी हे , जो विभाग स्तर की मांगे हे उनका विभागों से शीघ्र ही निराकरण किया जाबेगा और शासन स्तर की जो मांगे हे उनका प्रस्ताव शासन को भेजा जाबेगा जो शासन स्तर से निराकरण होगा अगर मांगों का निराकरण समय रहते नही किया गया तो फरवरी माह में पुनः प्रदेश व्यापी आंदोलन करने की रूपरेखा बनाई जावेगी। बैठक में संगठनात्मक सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

बैठक में मुख्यरूप से सुरेंद्र सिंह कौरव, डॉक्टर सुनील यादव, कल्याण सिंह ठाकुर, ब्रजेश गोस्वामी, अंबर चौहान ,ब्रजेश शर्मा, एसपी सोंधिया ,के के हरिनखेडे, गिरीश चतुर्वेदी, ज्योत्सना, लता परमार, सरिता दुवेदी, दीपिका , निकिता, गोवर्धन सिंह सिसोदिया, संदीप जैन, डॉक्टर सौरव तोमर आदि महासंघ के समस्त सम्मानित पदाधिकारीगण उपस्थित थे ।

## ट्रेक्शन मोटर व ट्रांसफार्मर क्षेत्र में भेल ने की वृद्धि

**भोपाल।** भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम बीएचईएल की मदर यूनिट ने जहां विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में अपनी साख को बरकरार बनाए हुए है। वहीं भेल नित नए आधुनिक तकनीक से बने उत्पादन खंडों का निर्माण कर रहा है। इन नए ब्लाकों में अत्याधुनिक मशीनें लगाकर उत्पादन कार्य को गति मिल रही है। वहीं 1200 केव्ही ट्रांसफार्मर के साथ ही अन्य क्षेत्र में भी भेल ऊंचाईयां छू रहा है। भेल भोपाल इकाई द्वारा देश में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए ट्रांसफार्मर और इलेक्ट्रिक मोटर के क्षेत्र में बड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

इन ब्लाकों में मशीनों को एक खास वातावरण में रखा जाता है, जिससे उनकी गुणवत्ता कायम बनी रहती है और काम को गति मिल रही है। बताया जाता है कि बीएचईएल भोपाल इकाई में एक वर्ष के दौरान तीन नए ब्लाकों का निर्माण कार्य किया गया है। इन ब्लाकों में जब काम शुरू हुआ तो उत्पादन लक्ष्य को भी गति मिली।

# लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



सच प्रतिनिधि ।। भोपाल

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ द्वारा आंदोलन दूसरे चरण में प्रदेश के सभी संभागीय आयुक्तों को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम मध्यप्रदेश शासन का ध्यानाकर्षण करवाने हेतु एवं मांगों का शीघ्र निराकरण करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में पुरानी पेंशन बहाली पदोन्नति करना वृत्त का पद नाम परिवर्तन कर कार्यालय सहायक करना चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर कर 1800 का ग्रेड पे देना वर्दी धुलाई भत्ता 50 के स्थान पर ?200 करना प्रदेश में कार्यरत 45000 स्थाई कर्मी कर्मचारियों को निम्न श्रेणी कर्मचारियों में समायोजित करना आउट सोर्स की भर्ती बंद करते हुए चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर दैनिक वेतन भोगी एवं अंशकालीन कर्मचारियों को नियुक्त किए जाने आदि की मांग शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में 54 विभागों के विभागीय समिति के अध्यक्ष कार्यकारिणी के सदस्य एवं संघ के संरक्षक निहाल सिंह जाट, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, मोर्चा के संयोजक एसपी सिंह, निगम मंडल के संयोजक अनिल बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# आशुना शिक्षा समिति ने मनाया स्वर्ण जयंती कार्यक्रम

## दो दिवसीय कार्यक्रम में हुआ पूर्व छात्रों का मिलन समारोह







सच प्रतिनिधि ।। भोपाल

आशुना शिक्षा एवं विकास समिति ने दो दिनी स्थापना दिवस की स्वर्ण जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों की खेल कूद प्रतियोगिताएं हुई। शाम को संस्था के आशुना विद्यालय के पूर्व छात्र छात्राओं और शिक्षको का मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुभाष चंद्र बोस को याद करके की गई। दिन में कोलार रोड की चार बस्तियों के 50 बच्चों ने खेलकूद में भागीदारी की व इसके पश्चात शाम को पूर्व छात्र छात्राएं और शिक्षक आपस में मिले। स्कूली जीवन की खट्टे मीठे दिनों को याद किया।

इस दौरान 50साल की यात्रा को स्लाइड शो के द्वारा प्रदर्शित किया गया। जिसका सबने भाव विभोर हो उसका अवलोकन किया। आयोजन के दौरान ओल्ड सुभाष नगर में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के सहयोग से वहां की बस्तियों के 100बच्चो ने खेल कूद में भागीदारी ली 50 महिलाओं ने भी खेलों का लुत्फ उठाया। दोनों दिन आशुना के पूर्व छात्र छात्राओं ने, शिक्षकों, प्रबंधकारिणी के सदस्यों बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सांय काल के समय कायज्क्रम में पूर्व छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षकों ,प्रबंधकारिणी के सदस्यों का स्वागत किया गया व मोमेंटो शॉल आदि देकर सम्मानित किया। इसमें पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए सभी को पौधे भेंट किए।

इस सुअवसर पर संस्था की वर्तमान अध्यक्ष अंशु श्रीवास्तव द्वारा संस्था के पूर्व छात्र संगठन को संस्था की सदस्यता दिलवाई व उनको संस्था का कार्यभार सौंपा। नई टीम के गठन की घोषणा के साथ पूर्व छात्र संगठन ने संस्था के गैर व्यवसाई चरित्र की गरिमा को बनाए रखने और कार्य को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी संभालने की घोषणा पूर्व छात्र रोहित श्रीवास्तव और धीरेन्द्र आर्य द्वारा मिलकर की गई। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां और भोजन उपरांत सारी मीठी यादों को संजो कर इस भावुकता भरे माहौल में सबने एक दूसरे से विदा ली।

# एम्स में लो विजन क्लीनिक का शुभारंभ

## दृष्टिदोष के मरीजों को मिलेगा इलाज




सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

एम्स भोपाल के नेत्र विज्ञान विभाग में निम्न दृष्टि बाले रोगियों का उपचार हो सकेगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने लो-विजन क्लिनिक का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक और प्रो. भावना शर्मा, विभागाध्यक्ष नेत्र विज्ञान विभाग की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान महामहिम राज्यपाल ने नेत्र विज्ञान विभाग के लिए 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की, ताकि गरीब और जरूरतमंद और लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी आंखों की देखभाल की सर्वोत्तम सुविधाएं मिल सके।

इस अवसर पर राज्यपाल ने ने मोबाइल जागरूकता वाहन दृष्टि रथ को भी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो मध्य प्रदेश के कई जिलों में पहुंचने वाला है। दृष्टि रथ समुदाय के बीच नेत्र स्वास्थ्य और निवारक उपायों के बारे में जागरूकता का प्रसार करेगा। यह कार्यक्रम एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी ऑप्थल्मोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया के तहत किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता डॉ स्वपन सामंत कर रहे हैं।

इस अवसर पर डॉ ललित श्रीवास्तव, डॉ प्रभाकर तिवारी, डॉ अंशुल उपाध्याय और भोपाल और मध्य प्रदेश राज्य के कई प्रमुख नेत्र सर्जन उपस्थित रहे।

# इंटक ने किया नेता सुभाष चन्द्र बोस को याद



सच प्रतिनिधि ।। भोपाल

पिपलानी स्थित इंटक कार्यालय के बुद्ध सभागार में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश इंटक अध्यक्ष आर डी त्रिपाठी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर उन्हें याद किया। आर डी त्रिपाठी ने कहा की नेताजी कुशल लीडर थे। अंग्रेजो के शासन में बड़ा पद मिलने के बाद भी नेता जी ने देश को आजाद कराने का बीड़ा उठाया। नेता जी ने जापान की मदत से आज़ाद हिन्द फौज का गठन किया। उन्होंने देश वासियो को तुम मुझे खून दो। मै तुम्हे आज़ादी दूंगा का नारा दिया। जिससे देश वासियो में आज़ादी को लेकर एक नया उत्साह एवं क्रांति आई। जय हिन्द का नारा भी नेताजी ने ही दिया था। त्रिपाठी ने कहा की देश की आज़ादी की तरह भेल की सुरक्षा एवं कर्मचारियों की समस्याओ के निराकरण हेतु भी मजबूत संगठन होना चाहिए जिसकी कमी आज पुरे कारखाने में देखी जा रही है।

मध्य प्रदेश युथ इंटक अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने कहा की 23 जनवरी को नेता जी सुभास चंद्र बोस की जयंती प्रतिवर्ष इंटक कार्यालय में मनाई जाती है। नेता जी देश के डायनामिक लीडर थे और उनकी जयंती मनाना हम सब का सौभाग्य है।

## वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम-थीम पर सारिका ने तैयार किये हैं वीडियो गीत

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सारिका घारू के गीतों को किया जारी

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल



वोट जैसा कुछ नहीं, हम मतदाता हैं, वोट डालेंगे हम जरूर, लोकतंत्र से नाता है जैसे गीतों का वीडियो संग्रह मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने जारी किया। इस अवसर पर अनुपम राजन ने कहा कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत सारिका के इन गीतों से मतदाताओं को मतदान का महत्व बताने में मदद मिलेगी। सारिका ने बताया कि अनुपम राजन के मार्गदर्शन में इन गीतों को तैयार किया है। मतदाता जागरूकता के इन गीतों का संगीत, गायन एवं निर्माण स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने किया है। इन गीतों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को लोकतंत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिये प्रेरित करने जारी किया गया। सारिका ने बताया कि 25 जनवरी 1950 को भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना की गई थी। इसलिये 25 जनवरी को ही हर वर्ष को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत सन 2011 से की गई है। यह 13 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस दिन अमूल्य मत का महत्व बताने अनेक जागरूकता गतिविधियां की जाती हैं। इस वर्ष की थीम -वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम रखी गई है।

**वी विनलिमिटेड**

सीआईएन : L74999MP2007PLC019623

206-207, दूसरी मंजिल, कॉर्पोरेट जोन, सी-21मॉल,

होशंगाबादरोड, मिसरोद, भोपाल (म.प्र.) 462047

फोन: +91 755 4278897 ईमेल: contact@wewinlimited.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 29 और 47 के अनुसार, वी विन लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 03फ़रवरी2023 को आयोजित होने वाली है, जिसमे31दिसंबर2022 को समाप्त हुए तिमाही के लिए कंपनी के वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) पर विचार और अनुमोदन किया जायेगा। उक्त नोटिस का मूल्यांकन कंपनी की वेबसाइट www.wewinlimited.com पर निवेशक टैब के तहत और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com तथा www.bseindia.com पर भी किया जा सकता है।

स्थान : भोपाल

दिनांक:23/01/2023

हस्ता./-

आशीष सोनी

(पैन:HCOPS6623A)

कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

वी विन लिमिटेड

# "CONGRESS DNA FAVOURS PAKISTAN": SHIVRAJ SINGH CHOUHAN ON DIGVIJAYA SINGH

Team Absolute | Bhopal



Madhya Pradesh Chief Minister Shivraj Singh Chouhan on Tuesday slammed Congress's Digvijaya Singh for his surgical strikes remark, saying that the DNA of the Congress favours Pakistan.

"The DNA of the Congress is in favor of Pakistan. Sometimes they (Congress) ask for proof of surgical strike and at times the proof of Ram's existence. Again, Digvijay Singh has asked for the proof of surgical strikes while walking at Bharat Jodo Yatra. Singh is doing a sin of demoralising the soldiers. He is showing that he is standing with Pakistan," Chouhan told reporters in Bhopal.

Singh had Monday said that while the BJP government at the Centre claims to have carried out a surgical strike against Pakistan, there was no proof of it. "They (Centre) talk about surgical strikes and that they have killed so many terrorists, but there is no proof," the Congress leader said in his address in Jammu during the Bharat Jodo Yatra.

The BJP leader also questioned Congress leader Rahul Gandhi, stating how "tukde-tukde gang" is walking him in the Yatra.

"I want an answer from Congress leader Rahul Gandhi, what kind of Bharat Jodo Yatra is this? Tukde Tukde gang is walking with you, the morale of the Army is being lowered and Rahul Gandhi is also raising questions about the army's strength. It is not patriotism. At least the Congress should not commit the sin of lowering the morale of the Army," the Chief Minister said. Chouhan further alleged that Madhya Pradesh was the stronghold of SIMI (Students' Islamic Movement of India) when Digvijaya Singh's government was in power in the state.

On February 14, 2019, a Central Reserve Police Force (CRPF) convoy was attacked by terrorists in Kashmir's Pulwama, in which 44 soldiers lost their lives. Striking back, on February 26, 2019, Indian Air Force fighter jets targetted an advanced terror training camp of Jaish-e-Mohammed in Pakistan's Balakot. The day after, Islamabad attempted to target Indian military installations but was thwarted by the IAF.

# Mayor announces Rs 3 lakh ex-gratia to family of labourer who died during sewer chamber construction



Indore: Indore Mayor Pushyamitra Bhargav announced an ex-gratia of Rs 3 lakh to the next of kin of the labourer, who died in an accident while construction of sewerage chamber, on Tuesday. The mayor also announced a sum of Rs 50 thousand each as compensation for the other two labourers who were injured during the accident. Along with the announcement of financial assistance, Bhargav also expressed deep condolences over the unfortunate incident. The accident happened during the construction of a sewer chamber near Madhumilan intersection on Monday. During the construction, three labourers fell into the 25 ft deep pit due to a mudslide at the site. Immediately after the accident, arrangements were made to pull the labourers out, but one of them had already died on the spot. The other two labourers were taken to hospital where they are being treated.

On receiving the information of the incident, Mayor Pushyamitra Bhargav, sent waterworks in-charge Abhishek Sharma immediately to the spot. He also issued orders to investigate the incident and take strict action against those who are found guilty.

# 'I talked to Dhirendra Shastri yesterday, was going to meet him': Kamal Nath

Team Absolute | Bhopal



I was planning to meet Dhirendra Krishna Shastri of 'Bageshwar Dham' and we were in contact, but our dates did not match, said former MP chief minister Kamal Nath to the media here on Tuesday. While one faction of Congress is raising questions over the supernatural acts done by the religious leader and accusing him of 'promoting superstition', the former chief minister said that he is in regular contact with Shastri. "I talked to him yesterday. Those who are religious should talk about religion. I also want them to talk to me about religion and I was going there to meet him at Bageshwar Dham", he said.

However, Kamal Nath did not seem to agree with Shastri over his statement on Hindu Rashtra. Nath said, "It is his personal thought, but to keep Bharat under one flag is essential. We all shall follow the culture and constitution of India".

Dhirendra Shastri hit headlines after his controversial remark saying "support me and I will give you a Hindu nation".

# Decision to reimburse additional 2 percent interests to women self-help groups

## Rs 594 crore for important road construction Approval

Team Absolute | Bhopal



The Cabinet meeting chaired by Chief Minister Shivraj Singh Chouhan has decided that additional 2 percent interest will be reimbursed to women self-help groups on bank loans up to Rs. 3 lakh. In order to provide additional livelihood opportunities to the women self-help groups formed under "MP Deendayal Antyodaya Yojana State Rural Livelihood Mission" and "Urban Livelihood Mission" operated in the state, this reimbursement will be provided to those women self-help groups formed under the State Rural Livelihood Mission and Urban Livelihood Mission in all the districts to whom 3 percent interest subsidy has been provided by the state government and the Central government.

**Approval of more than Rs. 594 crore for important road construction works**

Administrative approval of more than Rs. 594 crore was given by the Cabinet for important road construction works in the state. Under the revised administrative approval scheme, the Cabinet gave approval for the estimated construction cost of Roads in districts like Narmadapuram, Sehore, Morena etc.

**Approval of Rs 800 crore for urban area development**

The Council of Ministers approved Rs. 800 crore for two years (year 2022-23 and year 2023-24) under the "Chief Minister Urban Area Infrastructure Construction Scheme" for urban infrastructure and other development works in the state and it was decided to make necessary budget provision.

**85 PG seats will increase in Medical College Sagar**

Administrative approval of Rs. 101 crore 46 lakh has been given by the Council of Ministers for the increase of 85 PG seats in Medical College Sagar. With the increase of PG seats in various departments of the Medical College, Sagar, additional number of subject-specialist doctors will be available to the state every year.

**High quality education to tribal students**

With the aim of providing high quality education to the tribal students, the Cabinet approved the guiding principles for the operation of special residential schools, girls' education complex and model residential schools of the department with private participation.

**Disposal of property**

The Council of Ministers has approved the highest tender amount of Rs. 3 crore 59 lakh 27 thousand, which is 4.86 times the reserve price of Rs. 74 lakh, of the H-1 tenderer of the second tender invited for the disposal of assets of Revenue Department totaling 1200 square meters in Survey No. 03 Veerangana Durgavati Ward, Purana Bungalow located in Guna and it was decided to sell it and the contract/registry proceedings would be undertaken by the District Collector after depositing 100 percent of the tender amount by the H-1 tenderer.

# New research is important to make INDIA's homeopathy system of medicine world-class: Vaidya Rajesh Kotecha

Team Absolute | Bhopal



Vaidya Rajesh Kotecha, Secretary, Union Ministry of AYUSH, has said that there is a need to conduct new researches constantly to make the country's present homeo system of medicine world-class. He said that in the last 8 years, several remarkable works have been conducted in the field of infrastructure for development in the field of Indian system of medicine. Union Secretary AYUSH was virtually addressing a two-day national seminar from New Delhi of doctors and principals of homeopathy colleges across the country in Bhopal today. The national seminar is being organised at the AYUSH Auditorium of AYUSH Complex MACT Hills.

Union Secretary Kotecha said that in the last few years, the economy of the Indian homeopathy has increased from Rs 21 thousand crores to more than Rs one lakh crore. He said that homeopathy education courses need to be further improved in line with the new education policy. Only after reforms, service of world-class doctors will be available in the field of homeopathy in the country. Main speaker in the programme Chairman, National Homeopathy Commission, Dr. Anil Khurana, said that there is a lot of scope for the expansion of homeopathy in the field of medicine in the country. For this there is a need to work with team spirit as per the policy.

Ashok Varshney, member of the Consultative Committee of the Union Ministry of AYUSH, said that the public in the country wishes to adopt homeopathy system of medicine widely. For this there is a need to increase its reach. He told about the need to provide all kinds of help to the homeopathy research scholar. Principal Secretary AYUSH Shri Prateek Hajela said that during the Corona crisis, people's faith in the Indian system of medicine has increased. He apprised about the remarkable achievements made in the Ayush Cure app.

In the programme, Dr. Sanjay Gupta, Secretary, National Homeopathic Commission, apprised about the objectives of the national seminar. He told that for the first time the National Homeopathy Commission is organising such a seminar in Bhopal in collaboration with the Union Ministry of AYUSH. On the second day of the seminar, on January 25, there will be discussion on expansion in the field of homeopathy in various sessions.

# Two visually impaired men stopped from entering Indore stadium

Team Absolute | Indore



Two visually-impaired cricket fans on Tuesday, were stopped by the police from entering the stadium, as their aides did not have tickets. The duo, who claimed to be big fans of cricketer Virat Kohli, was later allowed to enter the venue with their assistants on humanitarian grounds. Police stopped visually impaired men from entering the stadium

According to eyewitnesses, Ashish Chauhan and Abhishek Namdev had reached Holkar Stadium with two attendants for the 3rd ODI between India and New Zealand.

Chauhan's sister said, "My brother had bought a ticket for the match, but I was stopped from accompanying him into the stadium, citing that only one person was allowed entry on a ticket." The attendants of both the visually impaired men explained their problems to the top police officers present at the spot, after which all of them were allowed to enter the stadium."We helped both the visually impaired and their attendants to enter the stadium because every fan comes to watch India's match with great joy," sub-inspector Sapna Dodiya said.

Namdev, who was attending an international cricket match in a stadium for the first time, said he is completely blind and had till now enjoyed the sport by listening to the commentary. Chauhan, who only has five per cent vision, is also a big fan of Kohli said, "I am a big fan of Kohli. When he scores a century or bats well, I love listening to his commentary. I have been fond of cricket since childhood, and I have been enjoying matches by listening to the commentary till now. This is the first time that I have come to the stadium for an international match," he concluded.

# AIIMS constitutes internal complaint committee to keep sexual harassment at workplace in check

Team Absolute | Bhopal




AIIMS, Bhopal, has constituted an internal complaint committee to check cases of sexual harassment, if any, at the institute on Tuesday. The Prevention of Sexual Harassment (POSH) Act at Workplace recently gained traction after Indian wrestler's levelled allegations of sexual harassment against WFI president Brijbhushan Sharan Singh.

Prof. Dr. Ajai Singh emphasised that AIIMS Bhopal has zero tolerance for sexual harassment at workplace and there should be a safe working environment for the employees which is one of our fundamental rights. Complaints Committee includes Dr. Lily Podder, Dr. Abhijit Rozatkar, Dr. Kusum Gandhi, Dr. Mudda Sofia, Trivesh Goswami and Soumya Saxena.

The POSH Act was enacted to provide a safe and secure working environment for all employees regardless of gender. The Act provides a legal framework to protect the employees from any sexual harassment in the workplace.

# Human Skeleton Found At Indore International Airport: Police

Team Absolute | Indore




A human skeleton was recovered from Indore's Devi Ahilya Bai Holkar International Airport premises, police said.

"A human skeleton has been recovered at Indore's airport premises on Monday night. A thorough investigation is underway," Aerodrome police-in-charge Sanjay Shukla said.

The police official said that the skeleton will be sent for examination by Forensic Science Laboratory (FSL) As per the preliminary investigation, the skeleton appears to be a year old, the police official said. "We cannot tell if the skeleton is of male or female. We will send the remains for examination."

# WOMAN, MINOR DAUGHTER CHARRED TO DEATH IN FIRE IN JABALPUR

**Jabalpur:** A woman and her five-year-old daughter were killed when a fire broke out due to short circuit in their house in Madhya Pradesh's Jabalpur city on Tuesday, police said. The 25-year-old woman and her daughter were charred to death after they got trapped in the blaze that erupted in their flat in Adhartal locality, City Superintendent of Police (CSP) Akhilesh Gaur said. The building had a small facility where traditional quilts were made using cotton. A stock of cotton kept in the flat caught fire due to short circuit, he said.The fire tenders from the municipal corporation were pressed into service and the blaze has been doused, the official said.

# Forest guard found dead in Burhanpur

**Burhanpur:** A 50-year-old forest guard attached to Navra outpost of the Forest Department was found dead under suspicious circumstances near Savera Lodge at the local bus stand in Burhanpur on Monday night. As per reports, the deceased has been identified as Rambabu Verma, hailing from Devakhedi village under Khilchipur tehsil of Rajgarh district. He had been suspended for being absent for two days in a revolver loot case at the Bakri outpost and was subsequently attached to Navra outpost and was about to be reinstated from suspension. DFO Pradeep Mishra said that as per preliminary investigation, it is being speculated that he died owing to a heart attack. However, the investigation of the case is still going on. The matter will be clear only after the investigation. His family has been promised immediate relief apart from benefits coming from the deceased provident fund and pension. The locals rushed him to the district hospital with help of 108 emergency ambulance where he was declared brought dead. On being informed, kin and acquaintances of the deceased reached Burhanpur on Tuesday. The body was handed over to kin after conducting an autopsy. Further investigation is on.

# 2 WOMEN, 3 CHILDREN INJURED IN GAS EXPLOSION IN DAMOH'S BATIAGARH



**Damoh:** Five members of a family suffered injuries in a gas explosion in Batiagarh town here on Tuesday. According to Batiagarh Police Station In-charge Manish Mishra, the members of Lodhi family were cooking food in the morning. Two women and three children were present at home when the gas cylinder of a local company exploded. Neighbors took all injured to Community Health Center of Batiagarh from where they were sent to Damoh for further treatment.


**WE WIN LIMITED**
**CIN: L74999MP2007PLC019623**
**206-207, 2nd Floor, Corporate Zone, C-21 Mall,**
**Hoshangabad Road, Misrod, Bhopal (M.P.) 462047**
**Phone: +91 755 4278897 Email: contact@wewinlimited.com**

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of We Win Limited is scheduled to be held on Friday, the 03rdFebruary 2023, inter alia to consider and approve the Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) of the company for the quarter ended on 31stDecember 2022.
The said notice may be assessed on the company's website at www.wewinlimited.com under investor tab and also on the website of stock exchange at www.nseindia.comand www.bseindia.com.
**Place:** Bhopal
**Dated:**23/01/2023

For **We Win Limited**
**Sd/-**
**Ashish Soni**
(PAN: HCOPS6623A)
**Company Secretary & Compliance Officer**